# प्रो. मांडवी सिंह फिर बनीं भातखंडे की कुलपति



जासं ● लखनऊ : प्रो. मांडवी सिंह को पुनः भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उन्हें तीन वर्ष के लिए यह दायित्व सौंपा है। प्रो. मांडवी लगातार दूसरा कार्यकाल संभालेंगी। इस संबंध में जनभवन ने आदेश जारी कर दिया है।

प्रो. मांडवी सिंह के पिछले कार्यकाल में विश्वविद्यालय में शिक्षण व शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता व व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए कार्यशालाएं, व्याख्या, मास्टरक्लास व प्रशिक्षण कार्यक्रम हुए। पुनः कुलपति नियुक्त होने पर प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्य करेंगी।

Scanned with OKEN Scanner

# प्रो. मांडवी फिर बनीं भातखंडे विवि वीसी

प्रो. मांडवी सिंह को फिर से भातखंडे संस्कृति विवि का कुलपति बनाया गया है।



कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, वह तीन साल तक इस पद पर रहेंगी। वहीं, बरेली विवि के वीसी रहे प्रो. कृष्णपाल सिंह को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। ▶▶ पेज 2, 7

# भातखंडे विवि की कमान फिर प्रो. मांडवी सिंह के हाथ

■ **NBT न्यूज, लखनऊ:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह को राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने एक बार फिर तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया है।

प्रो. मांडवी सिंह के पिछले कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने कला, संगीत और शोध के क्षेत्र में कई नए आयाम स्थापित किए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020: NEP-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों को आधुनिक और शोध-उन्मुख बनाया। साथ ही उन्होंने देश के विख्यात संगीतज्ञों, नृत्य गुरुओं और कलाकारों की मास्टरक्लास, कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित कराकर विद्यार्थियों को सीधा व्यावहारिक ज्ञान दिलाया। कथक, भरतनाट्यम, ध्रुपद और शास्त्रीय गायन जैसे पारंपरिक विषयों के प्रशिक्षण को भी उन्होंने अपने कार्यकाल में नई पहचान दी। पुनर्नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि यह दायित्व मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी है।



राज्यपाल ने 3 साल का दिया सेवा विस्तार

Scanned with OKEN Scanner

# मांडवी सिंह फिर बनीं भातखण्डे की कुलपति

लखनऊ। भातखण्डे विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह को राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा पुनः तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। राजभवन की ओर से आदेश जारी किया गया है। प्रो. मांडवी सिंह के पिछले कार्यकाल में कथक, भरतनाट्यम, ध्रुपद, शास्त्रीय गायन, तालवाद्य एवं अन्य भारतीय कला-विधाओं से संबंधित शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

Scanned with OKEN Scanner

# प्रो. मांडवी सिंह का बढ़ा कार्यकाल

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय को लगातार दूसरी बार प्रो. मांडवी सिंह का नेतृत्व मिला है। राज्यपाल व विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने उन्हें तीन वर्ष के लिए फिर से कुलपति नियुक्त किया है। राजभवन ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी किया। पिछले कार्यकाल में विश्वविद्यालय में शिक्षण, शोध और प्रशिक्षण गतिविधियां मजबूत हुईं। कथक, भरतनाट्यम, ध्रुपद, शास्त्रीय गायन और तालवाद्य समेत भारतीय कला-विधाओं पर कार्यशालाएं आयोजित हुईं। प्रो. मांडवी सिंह ने पुनर्नियुक्ति पर राज्यपाल के प्रति आभार जताया। (माई सिटी रिपोर्टर)



Scanned with OKEN Scanner